# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)

एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033

दूरभाष क्रमांकः 0755–2678855


क्रमांक/रागांप्रौवि/परीक्षा/2023/3240 भोपाल, दिनांक : 12/12/2023

प्रति,

प्राचार्य/संचालक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
मध्य प्रदेश

विषय : शैक्षणिक सत्र 2023–2024 में विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों के ऑन–लाईन नामांकन फार्म की हार्ड कापी एवं SDF & EVL Form जमा करने के संबंध में ।

संदर्भ : वि.वि. का पत्र क्र./रागांप्रौवि/परीक्षा/2023/3004 दिनांक 02/11/2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2023–2024 में आपकी संस्था में संचालित बी.टेक/बी.फार्मेसी/एम.बी.ए./एम.बी.ए. (इंटीग्रेटेड)/बी. डिजाइन/बी.ई./बी.टेक. (पार्ट टाईम) एम.सी.ए./एम.सी.ए. (इंटीग्रेटेड) /बी.आर्क./एम.ई./एम.टेक./एम. फार्मा/फार्म डी/एम.आर्क./एम.टेक. (पार्ट टाईम) प्रथम वर्ष/प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित तथा लेटरल एन्ट्री में द्वितीय वर्ष/तृतीय सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों के लिये ऑनलाईन नामांकन प्रक्रिया दिनांक 13/12/2023 से प्रारंभ की जा रही है जिसकी **अंतिम तिथि 30/12/2023 निर्धारित की गई है।** अतः उपरोक्त ऑनलाइन प्रक्रिया निर्धारित अवधि के पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में वर्ष 2023–24 में प्रवेशित छात्र निर्धारित अवधि में पोर्टल पर ऑनलाइन नामांकन नहीं करने/भरने की स्थिति में संस्था/महाविद्यालय में लिया गया प्रवेश स्वतः ही निरस्त हो जावेगा। नामांकन शुल्क राशि रू.150/–(मध्यप्रदेश निवासी छात्र) एवं नामांकन शुल्क राशि रू. 650/– (मध्यप्रदेश के वाहर के निवासी छात्र) जमा करने के लिये विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन सुविधा उपलब्ध है, ऑनलाईन प्रक्रिया के उपरांत विश्वविद्यालय में हार्डकापी जमा हेतु निम्नानुसार कार्यवाही करे :–

1. नामांकन फार्म के प्रिंट आउट जिस पर संस्था के प्राचार्य/संचालक के स्याही पेन के हस्ताक्षर एवं सील अंकित की गई हो। (इसके अभाव में नामांकन फॉर्म निरस्त माना जावेगा)
2. छात्र/छात्राओं की दसवी एवं बारहवी परीक्षा उत्तीर्ण की अथवा अर्हकारी परीक्षा की प्राचार्य द्वारा सत्यापित अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करें।
3. काउंसलिग प्रवेश रसीद/सी.एल.सी. प्रवेश की प्राचार्य द्वारा सत्यापित छायाप्रति ।
4. ऑनलाईन नामांकन शुल्क की रसीद ।
5. काउंसलिग के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेने की प्रवेश रसीद/स्लिप संलग्न करें।
6. नामांकन शुल्क राशि रू.150/–(मध्यप्रदेश के मूल निवासी छात्र एवं नामांकन शुल्क राशि रू.650/– (मध्यप्रदेश के अनिवासी छात्र) विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन शुल्क जमा करेंगे तथा उसकी रसीद नामांकन फॉर्म के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
7. नामांकन फॉर्म के साथ टी.सी. (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) की प्राचार्य द्वारा सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें तथा उसकी मूल प्रति महाविद्यालय में संधारित करें।
8. नामांकन फॉर्म के साथ माइग्रेशन प्रमाण–पत्र की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। बिना माइग्रेशन के नामांकन फार्म स्वीकार नही किए जावेंगे। सत्र 2023–24 में प्रवेशित समस्त छात्रों के ओरिजनल माईग्रेशन प्रमाण पत्र एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करें ।
9. प्रथम वर्ष/प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित तथा लेटरल एन्ट्री में द्वितीय वर्ष/तृतीय सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों के नामांकन फॉर्म एवं अन्य वांछित दस्तावेज पाठ्यक्रम एवं ब्रांच अनुसार पृथक–पृथक बंडल बनाकर प्रस्तुत करें जिससे परीक्षण के समय अनावश्यक विलंब न हो।
10. माह नवंबर–2023 में विश्वविद्यालय द्वारा (SDF & EVL Form) महाविद्यालय के लॉगिन में उपलब्ध कराया गया है। जिसका प्रारूप पुनः इस पत्र के साथ संलग्न है। जिसकी कार्यवाही पूर्ण कर नामांकन फॉर्मो के साथ विश्वविद्यालय में जमा किए जाने के निर्देश जारी किए गए थे।

क्रमशः ..

Controller Examinations
R.G.P.V., Bhopal (M.P.)

आपके महाविद्यालय के सत्र 2023–24 में प्रवेशित सभी छात्रों के (SDF & EVL Form) को स्केन कर PDF Format में छात्र के नामांकन क्रमांक से सेव कर CD Drive में जिसके ऊपर महाविद्यालय का कोड, पाठ्यक्रम तथा ब्रांच का नाम, एवं प्रवेशित वर्ष का उल्लेख कर विश्वविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। **उदाहरणार्थ : 0102CS231001.pdf**

आपके महाविद्यालय के सत्र 2023–24 में प्रवेशित सभी छात्रों की सूची निम्न प्रारूप में MS-Excel में पाठ्यक्रम एवं ब्रांच के अनुसार तैयार कर कॉलेज कोड के नाम से Save कर उसी CD Drive में नामांकन फॉर्म के साथ निर्धारित तिथि तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

| पाठ्यक्रम – .................... ब्रांच – .................... | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स.क्र. | नामांकन क्रमांक | छात्र का नाम (प्रवेश सूची अनुसार) | पिता का नाम (प्रवेश सूची अनुसार) | लिंग | जन्मतिथि | श्रेणी/वर्ग |
| | | | | | | |

**उदाहरणार्थ : 0102.xls**

स्थानांतरण प्रमाण–पत्र की मूल प्रति संस्था में संधारित करें केवल प्रमाणित छायाप्रति ही संलग्न करें । उक्त सभी संलग्नक प्राचार्य/सचांलक द्वारा सत्यापित होना अनिवार्य है । नामांकन फार्म की हार्ड–कापी में संलग्न प्रोफार्मा में सभी संलग्नको के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा शाखा में जमा करने की **अंतिम तिथि निम्नानुसार है :–**

| स.क्र. | महाविद्यालय नोडल केन्द्र अनुसार | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | भोपाल नोडल स्थित सभी महाविद्यालय | दिनांक 03 जनवरी 2024 |
| 2. | जबलपुर नोडल स्थित सभी महाविद्यालय | दिनांक 04 जनवरी 2024 |
| 3. | रीवा एवं सागर नोडल स्थित सभी महाविद्यालय | दिनांक 05 जनवरी 2024 |
| 4. | उज्जैन नोडल स्थित सभी महाविद्यालय | दिनांक 08 जनवरी 2024 |
| 5. | इन्दौर नोडल स्थित सभी महाविद्यालय | दिनांक 09 जनवरी 2024 |
| 6. | ग्वालियर नोडल स्थित सभी महाविद्यालय | दिनांक 10 जनवरी 2024 |

निर्धारित समय–सीमा में नामांकन फॉर्म जमा नहीं होने पर संबंधित महाविद्यालय की Centre Exp. में 10 प्रतिशत की कटौत्री की जावेगी। पत्र को प्राथमिकता देते हुए समस्त नामांकन कार्यवाही को उक्त तिथि के पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें । इसके पश्चात् कार्यपरिषद की 113 वी बैठक दिनांक 27–09–2022 में लिये गये निर्णय अनुसार विश्वविद्यालय के पत्र क्र. 2285 दिनांक 11/10/2022 के अनुसार केन्द्र व्यय से 10 प्रतिशत की राशि की कटौत्री की जा सकती है।

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल
Controller Examinations
R.G.P.V., Bhopal (M.P.)

संलग्न : 1- SDF & EVL Form
2-RGPV Receipt

पृ0क्रमांक/रागांप्रौवि/परीक्षा/2023/3241 भोपाल दिनांक : 12/12/2023

प्रतिलिपि :–

01. माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव की ओर माननीय के अवलोकनार्थ।
02. कुलसचिव, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल ।
03. संचालक/प्राचार्य, स्वशासी महाविद्यालय, यूआईटी–आरजीपीवी, भोपाल/एसएटीआई–विदिशा/ जेईसी–जबलपुर/एस.जी.एस. आई.टी.एस.–इन्दौर/आई.ई.एस. आई.पी.एस. एकेडमी, इन्दौर/यू.ई.सी.–उज्जैन/ एम.आई.टी.एस.–ग्वालियर। इस निर्देश के साथ कि अंतिम तिथि के पूर्व पत्र में उल्लेखित जानकारी एवं वांछित दस्तावेज निर्धारित दिनांक के पूर्व विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करने की व्यवस्था करेंगे।

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल
Controller Examinations
R.G.P.V., Bhopal (M.P.)

# RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA
# BHOPAL – 462033

## STUDENT DATA FORM (SDF) & ENCLOSURE VERIFICATION LIST (EVL)

**(To be filled by the students in his/her own handwriting only)**

College Code: ☐☐☐☐ Year of Admission : ☐☐☐☐ **SDF & EVL**

Enrollment Number: ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

College Name: ..................................................................................................

Name (*As per 10th Marksheet*): ............................................................ Date of Birth: ☐☐☐☐☐☐☐☐
(*in capital letters only*)

Name (*As per Admission Slip*): ..................................................................................................
(*in capital letters only*)

Name in Hindi: ..................................................................................................

Father's Name (*In capital letters as per 12th marksheet*): ..................................................................................................

Course: ............................................................ Branch: ..................................................................................................

Branch Code: ☐☐

Email ID: ............................................................................................Mobile No.: ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

Aadhar No.: ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ Category: ............................................................

Seat Category: IPS/TFW/EWS/BSF/JKR/PMSS/PIOFN/other: ☐

Medium of Instruction: Hindi ☐ (Tick only) English ☐ (Tick only)

Student Colour Photo affix not staple

Left Thumb Impression

Right Thumb Impression

Verified by Principal

Signature ............................................................
(Signature seal not allowed)

Student Signature

Name of Principal ............................................................

Rubber Stamp of Institution

**Check List for UG/PG**

| S. No. | Enclosures | (Yes/No) |
|---|---|---|
| 1 | Enrollment Form | |
| 2 | Enrollment Payment receipt | |
| 3 | 10th Marksheet (attested copy) | |
| 4 | 12th Marksheet (attested copy) | |
| 5 | Graduation Marksheet (attested copy) | |
| 6 | Admission Slip (attested copy) | |
| 7 | TC Copy (attested copy) | |
| 8 | Original Migration | |
| 9 | Aadhar card (attested copy) | |

Note : Segregate the above form branch wise and enrolment number wise. Make a list to be attached along with covering letter.

**Above form should be filled carefully as no changes will be entertained in future.**

# RAJIV GANDHI PRODYOGIKI VISHWAVIDYALAYA, BHOPAL

## Enrollment Forms Receipt

**(Submit in Duplicate)**

College Code : _______ College Name ____________________________________________

Name of Depositor/Staff with Mobile No.____________________________________________

| S.No. | Course | Branch | Semester | Sanction Intake for 2023-24 | No of Students Admitted in 2023-24 | No of complete Enrollment forms | No of complete SDF & EVL forms | Remarks/ Deficiency |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | Total | | | | | |

**(Filled by Receiver )**

Total Enrollment forms: ______________ Total SDF & EVL Forms: ________________ CD Drive containing : _______ Images _____ Xls ______ Records in Xls file

Date :_____________

Received & verified by me Receiver Signature

Time : _____________

Name :________________________________